हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

रायपुर, रविवार 18 अक्टूबर 2026

हरिभूमि

समाचार ही नहीं, विचार भी

&

inh 24x7

बढ़ते भारत की आवाज़





मिल्कियाना®

Balanced Cattle Feed

Presents

डॉ. हिमांशु द्विवेदी

प्रधान संपादक

हरिभूमि, आईएनएच

मा. रामविचार नेताम

कैबिनेट मंत्री- आदिम जाति विकास,
कृषि विकास एवं किसान कल्याण, जैव प्रौद्योगिकी,
मछली पालन एवं पशुधन विकास मंत्री

कृषि संवाद

Agriculture Conclave 2026



Saturday, 24 Oct 2026 | Time : 2.00 PM

Vivekanand Auditorium,
Indira Gandhi Krishi Vishwavidyalaya, Raipur (C.G.)

Supported By

Health Partner

NABARD

aries agro limited

KSC TECHNO PVT. LTD.
Pioneering a Digital Revolution

ITSA HOSPITALS
HEALTHCARE. HOSPITALITY. HARMONY.

SARDA

tirupati धार्मिक यात्रा सेवा समिति

AVK™

ए.एन.आटोमोबाईल

AANDRAYA ENTERPRISES

खबर संक्षेप



माता के दर्शन के लिए पहुंच रहे श्रद्धालु

अंवरी। नगर पंचायत भखारा भठेली वार्ड क्रमांक 9 में मां काली की प्रतिमा स्थापित की गई है। पुजारी नारद साहू ने बताया कि माता के दर्शन के लिए श्रद्धालु आ रहे हैं।

माता की सेवा में जुटे भक्त



अंवरी। ग्राम कोलियारी के महावीर चौक में मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित की गई है। माता की सेवा में पुजारी गुलाब राम साहू, माधव निषाद समेत अन्य जुटे हैं।

गोकुलपुर में 18 को पंडवानी

धमतरी। आदर्श युवा दुर्गा उत्सव समिति द्वारा 18 अक्टूबर रविवार को रात्रि 8 बजे से 11 बजे तक लक्ष्मी निवास चौक गोकुलपुर वार्ड में पंडवानी कार्यक्रम रखा गया है। प्रसिद्ध पंडवानी गायिका खेमिन यादव अपनी प्रस्तुति देंगी। इस दौरान पद्म विभूषण तीजन बाई को श्रद्धांजलि अर्पित की जाएगी।

स्कूलों में शैक्षणिक एवं खेल सुविधाओं का विस्तार करने पर दिया जोर

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

जिला पंचायत सीईओ जयंत नाहटा ने धमतरी विकासखंड का सघन दौरा कर विभिन्न ग्राम पंचायतों में प्रस्तावित एवं आवश्यक निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों में बुनियादी सुविधाओं के विस्तार, विद्यालयों में बेहतर शैक्षणिक वातावरण विकसित करने, विद्यार्थियों के लिए खेल सुविधाएं बढ़ाने तथा ग्रामीण अधोसंरचना को सुदृढ़ बनाने पर विशेष जोर दिया।

सीईओ ने संबंधित अधिकारियों को स्थानीय आवश्यकताओं के अनुरूप कार्यों की प्राथमिकता तय कर नियमानुसार प्रस्ताव एवं प्राक्कलन तैयार करने तथा स्वीकृति की प्रक्रिया समयबद्ध ढंग से आगे बढ़ाने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान अतिरिक्त कक्ष, पुस्तकालय, प्रार्थना शेड, मल्टी स्पोर्ट्स कोर्ट, खेल मैदान, बालिका शौचालय, सड़क, खाद्यान्न भंडारण एवं मिनी चेकडेम निर्माण सहित विभिन्न कार्यों की आवश्यकता पर चर्चा की गई।

अंगारा और बिरेतरा में खेल मैदान एवं भंडारण सुविधा : ग्राम पंचायत अंगारा में ग्रामीण आवश्यकताओं के अनुरूप खाद्यान्न भंडारण की सुविधा विकसित करने के लिए प्राक्कलन तैयार कर आवश्यक औपचारिकताएं पूरी करने के निर्देश दिए गए। इसके अलावा अंगारा के माध्यमिक विद्यालय में खेल मैदान निर्माण कराने पर जोर दिया गया।

सीईओ ने धमतरी विकासखंड का दौरा कर पंचायतवार निर्माण कार्यों का किया निरीक्षण

अतिरिक्त कक्ष एवं पुस्तकालय निर्माण के निर्देश

ग्राम पंचायत डोमा स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में विद्यार्थियों की शैक्षणिक आवश्यकताओं को देखते हुए अतिरिक्त कक्ष एवं पुस्तकालय निर्माण के लिए आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। अतिरिक्त कक्ष से अध्ययन-अध्यापन के लिए पर्याप्त स्थान उपलब्ध कराने में मदद मिलेगी, वहीं पुस्तकालय विद्यार्थियों में नियमित अध्ययन, पठन-पाठन और ज्ञानवर्धन की प्रवृत्ति विकसित करने में उपयोगी होगा।



धौराभाठा में खेल एवं स्वच्छता सुविधाओं का विकास

ग्राम पंचायत धौराभाठा के माध्यमिक विद्यालय में मल्टी स्पोर्ट्स कोर्ट निर्माण कराने के निर्देश दिए गए। इसके साथ ही छात्राओं की सुविधा एवं स्वच्छता को ध्यान में रखते हुए बालिका शौचालय निर्माण के लिए आवश्यक प्रक्रिया आगे बढ़ाने को कहा गया। विद्यालयों में स्वच्छ एवं सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराना विद्यार्थियों की नियमित उपस्थिति और सहज शैक्षणिक सहभागिता के लिए महत्वपूर्ण है।

विधायक ने कोड़ापार-चटौद में अटल उपवन व व्यावसायिक परिसर का किया शिलान्यास

कुरूद विस में शिक्षा, सड़क और पुल-पुलियों के विकास से आ रहा आमूलचूल परिवर्तन

हरिभूमि न्यूज ⏭जीजामगांव

सेवा संकल्प अभियान के तहत ग्राम कोड़ापार एवं चटौद में अटल उपवन और अटल व्यावसायिक परिसर का शिलान्यास कुरूद विधायक अजय चंद्राकर के मुख्य आतिथ्य में हुआ।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक श्री चंद्राकर ने कहा कि कुरूद विधानसभा क्षेत्र में शिक्षा के क्षेत्र में आमूलचूल परिवर्तन आ रहा है। क्षेत्र में सड़कों का जाल बिछा हुआ है तथा पुल-पुलियों के निर्माण से आवागमन की सुविधाओं का विस्तार हुआ है। उच्चस्तरीय पुल-पुलियों के निर्माण से बरसात के दिनों में भी लोगों को आवागमन में होने वाली परेशानियों से राहत मिली है। विकास कार्यों का उद्देश्य आम नागरिकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना और ग्रामीण क्षेत्रों को विकास की मुख्यधारा से जोड़ना है।

मौके पर जिपं उपाध्यक्ष गौकरण साहू, जनपद अध्यक्ष गीतेश्वरी साहू, जिपं सभापति कुलेश्वरी गायकवाड़, जपं सभापति चंद्रशेखर साहू, जनपद सदस्य ललिता भतपहरी, जिला उपाध्यक्ष पुष्पेंद्र साहू, मंडल अध्यक्ष डॉ. लोकेश, डॉ. संतोष साहू, महामंत्री गौरव भोसले एवं थानेश्वर तारक, जनपद सदस्य अनुराग साहू, सिर्री मंडल सह प्रभारी जीवन साहू, सरपंच संघ अध्यक्ष हरिशंकर साहू, अजय कश्यप तथा उपाध्यक्ष नारायण साहू के अलावा कोड़ापार सरपंच भीम साहू, चटौद सरपंच खेमचंद साहू, मुरा सरपंच राकेश साहू, अछोटी सरपंच पूरन धृतलहरे, गणेशपुर सरपंच गंगा प्रसाद मिश्रा, मुल्ले सरपंच संदीप डहरिया तथा बिरेझर सरपंच गुपेंद्र साहू समेत अन्य शामिल हुए।





वृक्ष लगाना ही पर्याप्त नहीं, उनका संरक्षण भी जरूरी : चंद्राकर

विधायक श्री चंद्राकर ने पर्यावरण संरक्षण पर विशेष जोर देते हुए कहा कि पौधरोपण के साथ पौधों का संरक्षण करना भी उतना ही महत्वपूर्ण है। वन विभाग पौधरोपण कर सकता है और आवश्यकता पड़ने पर वे अपनी विधायक निधि से भी पौधरोपण कराने की पहल कर सकते हैं, लेकिन लगाए गए पौधों को सुरक्षित रखना और उन्हें वृक्ष बनने तक उनकी देखभाल करना समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है।

व्यावसायिक परिसर से व्यापार को मिलेगा बढ़ावा

ग्राम कोड़ापार एवं चटौद में अटल उपवन और अटल व्यावसायिक परिसर का शिलान्यास क्षेत्र के विकास की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। अटल उपवन के माध्यम से हरियाली बढ़ाने, पर्यावरण संरक्षण को प्रोत्साहित करने और गांवों के सौंदर्यीकरण को बढ़ावा देने की परिकल्पना की गई है। अटल व्यावसायिक परिसर स्थानीय व्यापारियों और व्यवसायियों को बेहतर व्यावसायिक स्थान उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। इससे स्थानीय व्यापारिक गतिविधियों को प्रोत्साहन मिलने और क्षेत्र की आर्थिक गतिविधियों के विस्तार की संभावनाएं हैं।

अंचल की खबरें

स्वयंभू श्री गणेश मंदिर गढ़डोंगरी पहुंचे विकास



नगरी। क्वांर नवरात्रि पर स्वयंभू श्री गणेश एवं मां दुर्गा के दर्शन के लिए छत्तीसगढ़ आदिवासी स्थानीय स्वास्थ्य परंपरा एवं औषधि पादप बोर्ड के अध्यक्ष (राज्यमंत्री दर्जा प्राप्त) विकास मरकाम गढ़डोंगरी स्थित मंदिर पहुंचे। इस दौरान समिति के पदाधिकारियों ने उनका आत्मीय स्वागत किया। पदाधिकारियों ने मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए टिन शेड निर्माण की मांग से संबंधित मांग पत्र सौंपा। वहीं सेवा संकल्प अभियान के तहत मंदिर परिसर में पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। धार्मिक आस्था के साथ पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाने की इस पहल में उपस्थित लोगों ने सहभागिता निभाई।

बेलरगांव में विजयादशमी की तैयारी जोरों पर



नगरी। ग्राम बेलरगांव में विजयादशमी पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। मैदान में विशालकाय रावण का पुतला तैयार किया जा रहा है। तैयारी में ग्राम विकास समिति के अध्यक्ष लीलाम्बर साहू, ग्राम पटेल अमरसिंह पटेल, संरक्षक दौवालाल देवांगन, संरक्षक कैलाश प्रजापति, संरक्षक अशकरण पटेल व नवदुर्गा विजयादशमी महोत्सव समिति बेलरगांव के अध्यक्ष मौर्यध्वज सेन, सचिव ओमप्रकाश देवांगन, कोषाध्यक्ष लीलेश प्रजापति, सहसचिव केशर यादव, उपाध्यक्ष पोखराज कश्यप जुटे हैं।

बेलरगांव में जसगीत झांकी ने बांधा समां



नगरी। कृषि एवं ग्राम विकास समिति के तत्वावधान में नवदुर्गा एवं विजयादशमी महोत्सव समिति बेलरगांव द्वारा शारदीय नवरात्रि पर रात्रिकालीन सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जसगीत झांकी पार्टी शुक्लाडीही जिला दुर्ग के कलाकारों ने माता रानी की महिमा का गुणगान करते हुए एक से बढ़कर एक जसगीतों की प्रस्तुति दी। भक्ति गीतों और आकर्षक झांकियों ने श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। मुख्य अतिथि आदिवासी स्थानीय स्वास्थ्य परंपरा एवं औषधि पादप बोर्ड के अध्यक्ष (राज्यमंत्री दर्जा प्राप्त) विकास मरकाम थे। अध्यक्षता नवदुर्गा एवं विजयादशमी महोत्सव समिति के अध्यक्ष मौर्यध्वज सेन ने की। विशिष्ट अतिथि जिपं सदस्य अजय ध्रुव, बेलरगांव सरपंच रीता नेताम, जनपद सदस्य नंदनी साहू, भाजपा मंडल बेलरगांव अध्यक्ष हुमित लिमजा, लीलाम्बर साहू, ग्राम समिति के संरक्षक अशकरण पटेल तथा जीतू साहू थे। समिति के उपाध्यक्ष पोखराज कश्यप, उमेश साहू, सहसचिव गिरधारी देवांगन, ग्राम समिति सचिव उमेंद्र दीवान, सुरेश देवांगन व ग्रामवासी मौजूद रहे।

त्रैमासिक परीक्षा परिणाम पर हुई समीक्षा बैठक



कोर्रा(भखारा)। शासकीय हाईस्कूल अमलीडीह में शिक्षक, पालक, प्रबंधन समिति, ग्राम पंचायत प्रतिनिधियों की मौजूदगी में त्रैमासिक परीक्षा परिणाम पर समीक्षा बैठक रखी गई। आगामी परीक्षा में और बेहतर प्रदर्शन करने के लिए छात्रों को प्रेरित किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य केशव राम साहू, शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष गुलाप राम साहू, टेकराम साहू , सरपंच नेमिन माधव साहू समेत पालकगण मौजूद थे।

रेनबो स्कूल में गरबा उत्सव की रही धूम



■ रावण दहन के साथ दिया अच्छाई की जीत का संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭मगरलोड

रेनबो इंग्लिश मीडियम स्कूल मेघा में गरबा उत्सव एवं विजयादशमी समारोह का आयोजन हुआ। विद्यार्थियों ने पारंपरिक गरबा नृत्य प्रस्तुत कर उत्सव की रौनक बढ़ाई। रावण के पुतले का दहन कर बुराई पर अच्छाई और अधर्म पर धर्म की विजय का संदेश दिया गया। गरबा नृत्य ने सभी का ध्यान आकर्षित किया। इसके पश्चात रावण दहन किया गया। रावण दहन के बाद भगवान श्रीराम, माता सीता एवं लक्ष्मण की आरती कर पूजा-अर्चना की गई। विद्यालय के डायरेक्टर पारखदास मानिकपुरी ने



बच्चों को भगवान श्रीराम के आदर्शों से प्रेरणा लेते हुए सत्य, सदाचार, अनुशासन और अच्छे संस्कारों को अपने जीवन में अपनाने का संदेश दिया। गरबा उत्सव और विजयादशमी समारोह ने विद्यार्थियों को मनोरंजन के साथ संस्कारों एवं जीवन-मूल्यों की सीख भी दी।





विज्ञापन के लिए संपर्क करें :- हरिभूमि
धमतरी - 98261-14710, 75873-71999, कुरुद - 98268-82770, नगरी - 75818-01429
मगरलोड - 97526-17538, सिर्री - 99261-66875, जौजामगांव - 95754-57523, अंवरी-97535-23273
राजधानी मार्ग, मसीही चिकित्सालय के सामने, धमतरी फोन : 07722-357201

हरिभूमि
धमतरी भूमि
रायपुर, रविवार 18 अक्टूबर 2026

तापमान
अधिकतम 33 डिग्री
न्यूनतम 20 डिग्री

4 मंदरमाई मंदिर की अनोखी परंपरा, पंचमी को प्रज्ज्वलित होते...



5 धमतरी में अनोखा शक्तिपीठ पंडाल, जहां एक ही जगह श्रीलंका...



कुरुद | सिरी | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड



शहर के दुर्गा पंडालों में मिली छोटी-छोटी खामियां, सुधारने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

दुर्गा पंडालों में आगजनी से सुरक्षा को लेकर छोटी छोटी खामियां मिली। इन खामियों को दूर करने की सलाह दी गई है। अधिकांश मामलों में लाइटिंग तार अव्यवस्थित मिले। कुछ मामलों में ज्योति कलश को सावधानी से रखने की समझाइश दी गई। भीड़ को ढंग से नियंत्रित कर पंडालों में दर्शन के लिए भेजने कहा गया।

नवरात्र में पूरा अंचल माता शक्ति की भक्ति में डूबा हुआ है। हर वार्ड, गली, चौक-चौराहों में माता दुर्गा की प्रतिमा रखी गई है। पंडालों में आकर्षक लाइटिंग की गई है। रोजाना इन पंडालों में दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है। श्रद्धालुओं की सुरक्षा और अग्नि दुर्घटनों की आशंका को रोकने के लिए फायर ब्रिगेड टीम ने दुर्गा पंडालों का निरीक्षण किया। इस दौरान पंडालों में छोटी-छोटी खामियां पाई गई, जिसे दूर करने की सलाह दी गई है।

नगर सेना की जिला सेनानी और फायर ब्रिगेड अधिकारी शोभा ठाकुर के निर्देश पर फायरमैन अभिनव तिवारी , भरत ठाकुर, रोहित, देवेंद्र साहू ने शहर में घूम-घूम दुर्गा पंडालों की स्थिति देखी। फायर टीम ने दुर्गा पंडाल तथा झांकी पंडालों की अग्नि सुरक्षा संबंधी और आग दुर्घटना के समय बचाव की जानकारी दी।

अग्नि दुर्घटना से सुरक्षा सुनिश्चित करने फायर ब्रिगेड टीम ने किया निरीक्षण

यहां किया गया निरीक्षण

कोष्टापारा में बाबू छोटेलाल श्रीवास्तव चौक, बांसपारा वार्ड , गोकुलपुर वार्ड , रामबाग चौक, इतवारी बाजार, मराठा पारा , सोरिद चौक, इंडोर स्टेडियम आमातलाब, गणेश चौक, जालमपुर वार्ड के भागवत चौक, जालमपुर वार्ड के बजरंग चौक का टीम ने निरीक्षण किया। कुछ पंडालों में लाइटिंग के लिए बिछाए गए बिजली के तार अव्यवस्थित मिले। इन तारों को व्यवस्थित करने की सलाह दी गई है।





जरूरी है सुरक्षा

नवरात्र माता शक्ति के प्रति समर्पण का त्योहार है। भक्ति के साथ सुरक्षा भी जरूरी है। पंडालों में दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ती है, इसलिए दुर्घटनाओं के प्रति सावधानी भी जरूरी है।

- शोभा ठाकुर,
अधिकारी फायर ब्रिगेड



नवरात्रि विशेष



अष्टमी : महागौरी

महागौरी देवी भगवती का आठवां स्वरूप है । आठवें नवरात्रि को माता के महागौरी स्वरुप की आराधना का विधान है। महागौरी ही देवी शाकुंभरी, दुर्गा, त्रिनेत्री, मन्शा, चंडी और शताक्षी हैं । देवी महागौरी ने पार्वती रुप में महादेव को पति के रुप पाने के लिए कठोर तपस्या की थी। इससे उनका शरीर कृष्णवर्णी हो गया । इस तपस्या से प्रसन्न होकर महादेव ने इनके शरीर पर पावन गंगाजल की धारा डाली। फौरन महामाता विद्युतप्रभा के समान कांतिमान गौरवर्ण की ही गई। तभी से इनका नाम महागौरी पड़ा। महादेव से दैवी शक्तियों हासिल करने के बाद महागौरी ने शुंभ-निशुंभ, चंड-मुंड, रक्तबीज आदि दैत्यों का संहार किया। इन्हें दुर्गा नाम भी दिया गया। महागौरी की उपमा शंख, चंद्र और कंद के फूल से की गई है। इनके समस्त वस्त्र, आभूषण आदि श्वेत है। इनकी चार भुजाएं हैं और वाहन वृषभ है। इनकी मुद्रा अत्यंत शांत है। मां की शक्ति अमोघ फल दने वाली है। माता महागौरी मनुष्य की वृत्तियों को सत और प्रेरित करके असत का विनाश करती हैं। गृहस्थों के लिए तो महागौरी की पूजा विशेष मंगलकारी मानी जाती है। महागौरी का आराधना मंत्र है-

श्वेते वृषे समारूढ़ा श्वेताम्बरधरा शुचिः।
महागौरी शुभं
दद्यान्महादेवप्रमोदया।।

खबर संक्षेप

झांकी महोत्सव 19 को

धमतरी। मां दुर्गा की विदाई के अवसर पर में 19 अक्टूबर को विसर्जन झांकी महोत्सव आयोजित किया जाएगा। मां दुर्गा विसर्जन झांकी महोत्सव आयोजन समिति एवं हिन्दू जागरण मंच जिला धमतरी के संयुक्त तत्वावधान में सोमवार रात 8 बजे से घड़ी चौक में धार्मिक आयोजन होगा। कार्यक्रम की तैयारी में चित्रेश साहू, पुरुषोत्तम निषाद, डाकेश्वर साहू, अभिषेक साहू, अनिमेष राजपूत, सत्यम सिन्हा, शिवांश पटवा, प्रतीक साहू, संजय साहू, आदित्य साहू, कुलदीप साहू, हिमांशु साहू जुटे हैं।

युवा उत्सव के लिए पंजीयन 19 से

धमतरी। युवाओं की प्रतिभा को मंच प्रदान करने और सांस्कृतिक आदान-प्रदान के माध्यम से राष्ट्रीय एकता को मजबूत करने जिला स्तरीय युवा उत्सव 2026-27 का आयोजन नवंबर माह के दूसरे सप्ताह में प्रस्तावित है। इसके लिए 19 अक्टूबर से जिला खेल एवं युवा कल्याण कार्यालय, रूद्री में पंजीयन प्रारंभ होगा। पंजीयन की अंतिम तिथि 27 अक्टूबर है। यह जानकारी एएसओ जेपी देव ने दी।

पंथी नृत्य, राउत नाचा, सजीव झांकियां और आतिशबाजी रहे आकर्षण का केंद्र

सनातन एकता के पांच संकल्पों के साथ निकली मां की चुनरी यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

सनातन संस्कृति के गौरव, धार्मिक आस्था और सामाजिक एकजुटता का संदेश लेकर शनिवार को



धमतरी में सर्व हिन्दू समाज संस्था के तत्वावधान में सनातन संस्कृति संगम महोत्सव का आयोजन किया गया। क्वांर शुक्ल सप्तमी के अवसर पर निकली मां की चुनरी यात्रा में विभिन्न समाज के लोगों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता निभाई।

मां की विशाल चुनरी, नवदुर्गाओं की सजीव झांकी, बिलाईमाता की पालकी प्रतिमा झांकी, बैंड एवं डीजे पार्टी, छत्तीसगढ़ी नृत्य, पंथी नृत्य, राउत नाचा, सुआ नृत्य, जसगीत और भजन मंडलियों की प्रस्तुतियों ने यात्रा को आकर्षक बनाया। आयोजन के माध्यम से नशामुक्ति, प्रकृति का सम्मान, मां-बेटियों का सम्मान, सामाजिक समरसता और हिंदू समाज की अखंडता के पांच संकल्पों को जन-जन तक पहुंचाने का संदेश दिया गया। ▶▶ शेष पेज 4 पर









पंथी नृत्य और राउत नाचा ने मोहा मन





चुनरी यात्रा में मां का विशाल रथ, मां की विशाल चुनरी, रथ में सवार नव कन्याएं, नवदुर्गाओं की सजीव झांकी, आंगादेव, अखाड़ा प्रदर्शन और विभिन्न समाजों के इष्ट देवी-देवताओं की झांकियां आकर्षण का केंद्र रहीं। छत्तीसगढ़ की लोकसंस्कृति को प्रदर्शित करते पंथी नृत्य, राउत नाचा और सुआ नृत्य ने लोगों का मन मोह लिया। जसगीत मंडलियों, रामसत्ता, भजन मंडलियों, दुर्गा बैंड और निशान बाजा की प्रस्तुतियों ने धार्मिक वातावरण को और अधिक भक्तिमय बनाया। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी की ओर से चैतन्य झांकी प्रस्तुत की गई, वहीं गायत्री शक्तिपीठ की टीम भजन गाते हुए यात्रा में शामिल हुई। दीपों की विशाल श्रृंखला और भव्य आतिशबाजी ने आयोजन की शोभा बढ़ाई।

महाष्टमी पर भद्रा का साया हवन के लिए करना होगा इंतजार

धमतरी। शारदीय नवरात्र के अंतिम दिनों में देवी आराधना को लेकर श्रद्धालुओं में उत्साह है। इस बीच महाअष्टमी पर भद्राकाल के कारण हवन और धार्मिक अनुष्ठानों के समय को लेकर विशेष सावधानी बरतने की सलाह दी गई है। ज्योतिषाचार्य पंडित कृष्णा तिवारी के अनुसार पंचांग में भद्रा समाप्ति का समय 18 अक्टूबर की रात 9.42 बजे बताया गया है। इसके बाद हवन और विशेष अनुष्ठान किए जा सकेंगे।

- 19 अक्टूबर को कन्या पूजन का शुभ संयोग, महानवमी पर भी विशेष पूजा-अर्चना

महाअष्टमी पर मां महागौरी की पूजा का विधान है। कन्या पूजन में छोटी बालिकाओं को देवी स्वरूप मानकर उनका पूजन, भोजन और दक्षिणा देकर आशीर्वाद लिया जाता है। उदयातिथि के आधार पर 19 अक्टूबर सोमवार को महाअष्टमी और कन्या पूजन के लिए प्रमुख दिन माना गया है। कन्या पूजन का शुभ समय सुबह 8.29 से 10.16 बजे तक है।

महानवमी पर मां सिद्धिदात्री की आराधना की जाएगी। पंचांग के अनुसार नवमी तिथि 19 अक्टूबर को सुबह 10.51 बजे से शुरू होकर 20 अक्टूबर को दोपहर 12.50 बजे तक रहेगी। नवरात्र के समापन पर श्रद्धालु हवन, दुर्गा सप्तशती पाठ और आरती कर सुख-समृद्धि की कामना करेंगे।

आज शाम 4 बजे अष्टमी पूजन एवं विशाल भंडारा

सप्तमी पर मां अंगारमोती के दरबार में उमड़ा आस्था का सैलाब, जस सेवा गीतों पर झूमे श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

क्वांर नवरात्रि के सातवें दिन आदिशक्ति मां अंगारमोती मंदिर गंगरेल में श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला। सुबह से ही माता के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया, जो दिनभर जारी रहा। श्रद्धालुओं से मंदिर परिसर में भक्तिमय माहौल बना रहा। माता के जयकारों और जस सेवा गीतों से पूरा परिसर गूंज उठा। जस सेवा गीतों की मधुर धुन पर श्रद्धालु





भक्ति में लीन होकर झूमते नजर आए।

सप्तमी के दिन भी दूर-दराज के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु माता के दर्शन के लिए पहुंचे। भीड़ के बीच श्रद्धालु बारी-बारी से कतारबद्ध होकर माता के दर्शन करते रहे और परिवार की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। मंदिर परिसर में दिनभर पूजा-अर्चना और धार्मिक गतिविधियों का सिलसिला चलता रहा। इस अवसर पर विभिन्न मंडलियों द्वारा प्रस्तुत जस सेवा गीतों ने वातावरण को भक्तिमय बना दिया।

आज रविवार को मां अंगारमोती मंदिर में शाम 4 बजे अष्टमी पूजन एवं विशाल भंडारा आयोजित किया जाएगा। ट्रस्ट के अध्यक्ष जीवराखन लाल मरई ने श्रद्धालुओं से अष्टमी पूजन में शामिल होकर माता का आशीर्वाद प्राप्त करने तथा विशाल भंडारा में सहभागी बनने की अपील की है।

हेरोइन व कार सहित आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

पीजी कॉलेज मैदान के पास कार में अवैध मादक पदार्थ हेरोईन चिट्टा की बिक्री कर रहे युवक को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

- कोतवाली पुलिस की कार्रवाई

जिले में मादक पदार्थों के अवैध कारोबार पर अंकुश लगाने एसपी भावना पांडे के निर्देशन में पुलिस आपरेशन निश्चय के तहत लगातार प्रभावी कार्रवाई कर रही है। इसी क्रम में कोतवाली पुलिस को मुखबिर से जोधापुर में स्थित पीजी कॉलेज मैदान के पस एक युवक



द्वारा मादक पदार्थ की अवैध बिक्री किए जाने की सूचना मिली। पुलिस टीम ने घेराबंदी कर आशुतोष उर्फ आशु तिवारी पिता मनसुखलाल निवासी आमातालाब इंडोर स्टेडियम के पास को पकड़ा। तलाशा के दौरान आरोपी के कब्जे से कार में रखे 1 ग्राम मादक पदार्थ हेरोइन चिट्टा बरामद किया। पुलिस ने मौके से अवैध हेरोइन, महंगी कार एवं दो मोबाइल फोन बरामद कर जब्ती की कार्रवाई की। थाना कोतवाली में धारा 21(ए) एनडीपीएस एक्ट के तहत अपराध दर्ज कर आरोपी आशुतोष उर्फ आशु तिवारी को गिरफ्तार कर विधिक रिमांड पर जेल भेज दिया है।

हेरोइन सहित 4.52 लाख की संपत्ति जब्त

पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 1 ग्राम हेरोइन कीमत 10 हजार रुपए, एक कार कीमत 4 लाख रुपए, दो नग मोबाइल फोन कीमत 42 हजार रुपए कुल 4.52 लाख रुपए की संपत्ति जब्त की है।

एक गर्भवती मादा भी शामिल, परसुली में दर्दनाक हादसा

रेत से भरे ओवरस्पीड हाइवा ने छीनी तीन जंगली सूअरों की जान

- वन्यजीवों एवं ग्रामीणों की सुरक्षा पर उठे गंभीर सवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

वन परिक्षेत्र अंतर्गत ग्राम परसुली में शनिवार की तड़के एक हृदय विदारक सड़क हादसा सामने आया है। रेत खदानों से ओवरलोड तेज रफ्तार से दौड़ रहे एक अज्ञात हाइवा ने सड़क पार कर रहे तीन जंगली सूअरों को कुचल दिया जिससे उनकी मौत हो गई। हादसे की भयावहता का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि मृत सूअरों में एक गर्भवती मादा सूअर भी शामिल है। सुबह जब ग्रामीणों ने सड़क पर यह दृश्य देखा तो क्षेत्र में



शोक और गहरा आक्रोश फैल गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार रेत से भरे हाइवा वाहन धमतरी की ओर आ रहे थे। इसी दौरान जंगली सूअर का झुंड सड़क पार कर रहा था जिसे हाइवा वाहन ने अपनी चपेट में ले लिया। सरपंच प्रेमू चंद्रवंशी ने इसकी जानकारी वन विभाग को दी। हादसे में दो जंगली सूअर की मौत सड़क पर हो गई थी। जबकि एक अन्य सूअर घायल होकर खेत में पहुंच गया जहां वह भी मृत अवस्था में मिला। घटना को अंजाम देने के बाद चालक वाहन सहित फरार हो गया है। उसकी पहचान के लिए वन विभाग जुटा हुआ है। उपसरपंच घनश्याम बांधे, भैयालाल साहू, लखन सोनवानी ने सूअरों की लाश को कुत्तों से बचाकर रखा तथा वन विभाग का सहयोग किया।

कब लगेगी रफ्तार पर लगाम

रेत खदानों से देर रात और अलसुबह निकलने वाले ओवरस्पीड हैवी वाहन न केवल वन्य जीवों के लिए काल बन रहे हैं, बल्कि राहगीरों और ग्रामीणों की जान को भी जोखिम में डाल रहे है। ग्रामीणों की मांग है कि रात के समय भारी वाहनों की आवाजाही पर प्रभावी निगरानी और गति नियंत्रण बेहद जरूरी है। यदि समय रहते इस पर नकेल नहीं कसी गई तो ऐसे दर्दनाक हादसे भविष्य में और भी जन, धन की हानि का कारण बन सकते हैं।

अज्ञात वाहन एवं चालक के खिलाफ मामला दर्ज

धमतरी रेंजर सत्यनारायण प्रधान ने बताया कि हादसे में तीन जंगली सूअरों की मौत हुई है जिसमें दो मादा एवं एक नर है। एक मादा सूअर गर्भवती भी थी। तीनों का डा. पटेल ने पोस्टमार्टम किया। श्यामतराई डिपो में सभी का अंतिम संस्कार किया गया। अज्ञात वाहन एवं चालक के खिलाफ प्रभावी वन्यप्राणी संरक्षण अधिनियम के तहत अपराध दर्ज कर लिया गया है। वन विभाग अज्ञात वाहन की पतासाजी में जुट गया है।





दशहरा के बाद निकलती है भव्य विसर्जन यात्रा

मंदरमाई मंदिर की अनोखी परंपरा पंचमी को प्रज्जवलित होते हैं ज्योत

- बाना लेकर बाजे की धुन पर थिरकते हैं सैकड़ों भक्त

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

शहर के मराठापारा वार्ड स्थित मंदरमाई मंदिर की परंपराएं इसे विशेष पहचान दिलाती हैं। यहां अन्य मंदिरों से अलग महापंचमी के दिन नवरात्र की शुरुआत होती है और शुभ मुहूर्त में मनोकामना ज्योत प्रज्ज्वलित किए जाते हैं। दशहरा के दिन हवन-पूजन और पूर्णाहुति के बाद परंपरागत ज्योत-जंवारा विसर्जन यात्रा निकाली जाती है। यात्रा में सैकड़ों श्रद्धालु बाना लेकर बाजे की धुन पर थिरकते हैं, वहीं महिलाएं सफेद परिधान में कतारबद्ध होकर ज्योत कलश और जंवारा लेकर चलती हैं। इस अनूठे दृश्य को



देखने हजारों श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ती है।

विसर्जन यात्रा में दिखती है अनूठी आस्था

दशहरा के दिन मंदिर में हवन-पूजन और पूर्णाहुति होती है। इसके अगले दिन एकादशी पर ज्योत-जंवारा विसर्जन की भव्य शोभायात्रा निकाली जाती है। इसमें महिलाएं सफेद परिधान में ज्योत कलश और जंवारा लेकर कतारबद्ध चलती हैं, जबकि सैकड़ों श्रद्धालु बाना धारण कर बाजे की धुन पर नृत्य करते हैं।

झांपी में विराजती हैं माता, नवरात्र में देती हैं दर्शन

पुजारी राजकुमार ध्रुव ने बताया कि मंदिर की प्रमुख प्रतिमा सालभर बांस से बनी झांपी टोकरी में सुरक्षित रखी जाती है। नवरात्र के नौ दिनों में इसे बाहर निकालकर श्रद्धालुओं को दर्शन कराया जाता है। विसर्जन के बाद प्रतिमा को पुनः झांपी में विराजित कर दिया जाता है। मंदिर में काली माई, बूढ़ी माई, लंगूर भगवान, मारिया देव, भोलेनाथ और बूढ़ादेव भी स्थापित हैं। पुजारी राजकुमार ध्रुव ने बताया कि उनका परिवार पीढ़ियों से मंदिर की सेवा करता आ रहा है। उनके पूर्वज फिरतूराम, झरियार राम और सुराज राम ने भी मंदिर की सेवा की। वर्तमान में वे चौथी पीढ़ी के रूप में परंपरा का निर्वहन कर रहे हैं।

पंचमी से शुरू होती है नवरात्र की आराधना

500 वर्ष पुराना मंदरमाई मंदिर में महापंचमी के दिन विशेष पूजा-अर्चना के बाद गोधूलि बेला में शुभ मुहूर्त पर मनोकामना ज्योत प्रज्ज्वलित किए जाते हैं। पुजारी राजकुमार ध्रुव ने बताया कि इस बार भक्तों द्वारा करीब 175 ज्योत का पंजीयन कराया गया था। मंदिर में पांच दिनों तक श्रद्धालुओं की विशेष भीड़ रहती है। मान्यता है कि माता मंदरमाई के दरबार में सच्चे मन से मांगी गई मुराद पूरी होती है। इसी आस्था के चलते धमतरी के अलावा महाराष्ट्र, मुंबई, ओडिशा और मध्यप्रदेश सहित विभिन्न क्षेत्रों से श्रद्धालु यहां पहुंचते हैं और मनोकामना ज्योत प्रज्ज्वलित करवाते हैं।

विभागीय जांच के खिलाफ हाईकोर्ट की रोक



धमतरी। विकासखंड शिक्षा कार्यालय के सहायक ग्रेड 3 लाखेश्वर राव जाधव के खिलाफ विभागीय जांच पर हाईकोर्ट ने रोक लगा दी है। ठीक इसके एक माह पहले उनके निलंबन के मामले में भी कोर्ट ने रोक लगाई थी। हाईकोर्ट बिलासपुर के न्यायाधीश विभु दत्ता गुरु द्वारा 15 अक्टूबर को जारी स्थगन आदेश में कहा गया है कि इस मामले में प्रभारी जिला शिक्षा अधिकारी उपस्थित होकर अपना जवाब पेश करें। कोर्ट ने पूछा है कि आखिर किस आधार पर लिपिक जाधव के खिलाफ यह विभागीय जांच शुरू की गई थी। उल्लेखनीय है कि इसके पूर्व 21 अगस्त 2026 को प्रभारी जिला शिक्षा अधिकारी धमतरी ने सहायक ग्रेड 3 लाखेश्वर राव जाधव को बीआरसी कार्यालय के ऑपरेटर द्वारा टेप रिकॉर्डिंग मामले को लेकर निलंबित कर दिया था। इस आदेश के खिलाफ लाखेश्वर राव ने हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी।

अंचल की खबरें

आज रावनगुड़ा में जस झांकी



सिर्री। बाल समाज नवदुर्गा उत्सव समिति रावनगुड़ा द्वारा नवरात्रि में माता की प्रतिमा स्थापित कर ज्योत जंवारा प्रज्वलित किया गया है। 18 अक्टूबर को जय मां भवानी जस झांकी पार्टी ग्राम खरेंगा आमापारा बाजार चौक की प्रस्तुति होगी। माता की सेवा में बाल समाज अध्यक्ष राजेश साहू, शांतनु यादव, शीतल साहू, परमेश्वर यादव, दशरथ साहू, हेमनाथ साहू, त्रिलोक यादव जुटे हुए हैं।

चंडी मंदिर के दरबार में 67 ज्योति जगमगाई



अंवरी। नगर पंचायत भखारा भठेली वार्ड क्रमांक 8 में विराजित मां चंडी के दरबार में विगत 35 वर्षों से श्रद्धा के मनोकामना ज्योति कलश प्रज्वलित किए जा रहे हैं। इस वर्ष भी 67 मनोकामना ज्योति प्रज्वलित की गई है। पुजारी संजय साहू, कृपा पटेल हैं।

मौरीखुर्द में पंचमी पर हुआ माता का श्रृंगार



सिर्री। मौरीखुर्द के नव दुर्गा उत्सव समिति शीतला चौक में विराजित माता दुर्गा का पंचमी पर श्रृंगार किया गया। माता की सेवा में बृजलाल साहू, हीराराम यादव, घनश्याम साहू, विष्णुराम, दीपक यादव, लुकेश्वर साहू, इंद्रजीत यादव, नरेश साहू, पुष्पेंद साहू, पंडा महाराज रिखीराम साहू, पंचू ध्रुव जुटे हुए हैं।

विवेकानंद कॉलोनी में बंगाली दुर्गोत्सव की धूम



धमतरी। विवेकानंद कॉलोनी स्थित महाराणा प्रताप रिसॉर्ट में बंगाली दुर्गा पूजा का उत्सव श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है।

- पंचमी को स्थापित हुई प्रतिमा, महाअष्टमी पर होगा विशेष पूजन

सार्वजनिक बंगाली दुर्गा पूजा समिति द्वारा पंचमी तिथि को मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित की गई। बंगाली समाज में दुर्गा पूजा का विशेष धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व है। यह पर्व शक्ति की उपासना के साथ परंपराओं और सामाजिक एकजुटता का प्रतीक भी है। 16 अक्टूबर को शाम 6 बजे महाषष्ठी पूजा हुई। 17 अक्टूबर को शाम 7 बजे महासप्तमी पूजा आयोजित की गई। 18 अक्टूबर को सुबह 9 बजे नवपत्रिका प्रवेश एवं स्थापना का अनुष्ठान होगा। 19 अक्टूबर को सुबह 4.30 बजे दुर्गा महाअष्टमी पूजा होगी।

नवरात्रि में फलों के दाम आसमान पर

डाही(धमतरी)। नवरात्रि पर्व के दौरान फलों की मांग बढ़ने से बाजार में इनके दाम में तेजी आ गई है। केला, सेब, संतरा, मौसंबी, पपीता, खीरा, चीकू, अनानास और नाशपाती सहित कई फलों को ऊंचे दाम पर बेचा जा रहा है। नौ दिनों तक उपवास रखने वाले श्रद्धालु माता रानी को फलों का भोग अर्पित करने के साथ स्वयं भी फल ग्रहण करते हैं। इसके बावजूद ग्राहकों को महंगे फल खरीदने पड़ रहे हैं। वहीं फलों को जल्दी पकाने के लिए केमिकल और कार्बाइड जैसे रसायनों के इस्तेमाल की आशंका भी जताई जा रही है। ग्राहकों का कहना है कि अधिक कीमत चुकाने के बाद भी कई बार अधपके फल मिलते हैं। ऐसे में संबंधित विभाग को फलों की गुणवत्ता की जांच कर सुरक्षित फल की बिक्री सुनिश्चित करनी चाहिए।

शासकीय दर पर रेत लोडिंग एवं रायल्टी उपलब्ध कराने की मांग

धमतरी। हाइवा परिवहन संघ बालोद ने रेत लोडिंग एवं रायल्टी शासकीय दर पर उपलब्ध कराने की मांग कलेक्टर से की है। शुक्रवार को हाइवा परिवहन संघ बालोद के अध्यक्ष गोपाल राठी सहित अनेक सदस्यों ने कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपकर कहा है कि 16 अक्टूबर से रेत खदानें प्रारंभ होने जा रही हैं। पूर्व की स्थिति को देखते हुए रेत लोडिंग एवं परिवहन कार्य से जुड़े वाहन मालिकों के समक्ष रेत लोडिंग एवं रायल्टी की दर को लेकर समस्या उत्पन्न होने की आशंका है। संघ ने कहा है कि शासन द्वारा निर्धारित दर के अनुसार रेत की लोडिंग एवं रायल्टी उपलब्ध कराने संबंधित खदान संचालकों को आवश्यक दिशा निर्देश के साथ सुनिश्चित किया जाए कि किसी प्रकार की अनाधिकृत एवं मनमानी वसूली न की जाए। रेत परिवहन व्यवसाय से जुड़े वाहन मालिकों को डीजल, वाहन की किस्त, रखरखाव, चालक वेतन, परिचालक खर्च का निरंतर वहन करना पड़ता है। लोडिंग और रायल्टी शासकीय दर के अनुरूप नहीं होगी तो परिवहनकर्ताओं को आर्थिक नुकसान का सामना करना पड़ेगा। संघ ने शासन द्वारा घोषित दर पर रायल्टी उपलब्ध कराने, रेत लोडिंग और रायल्टी पर अनाधिकृत वसूली पर रोक लगाने की मांग की है।

तेंदुए के हमले में घायल एवं जंगली कंद खाने से बीमार का हाल चाल जानने पहुंची विधायक



हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

सिहावा विधायक अंबिका मरकाम तेंदुए के हमले में घायल ग्रामीणों का हालचाल जानने शासकीय अस्पताल नगरी पहुंचीं। उन्होंने घायलों एवं उनके परिजनों से मुलाकात कर स्वास्थ्य की जानकारी ली। चिकित्सकों को सभी घायलों का बेहतर उपचार करने के निर्देश दिए। उन्होंने पीड़ित परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाया और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। अस्पताल प्रवास के दौरान विधायक ने नवागांव की उन तीन महिलाओं से भी मुलाकात की, जो जंगली कंद खाने के बाद बेहोश हो गई थीं। उन्होंने महिलाओं के स्वास्थ्य की जानकारी लेते हुए चिकित्सकों को समुचित उपचार उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। इस दौरान विधायक सलाहकार भरत निर्मलकर, विधायक प्रतिनिधि सचिन भंसाली, आदिवासी कांग्रेस के प्रदेश सचिव मयंक ध्रुव, सेवादल अध्यक्ष अय्यूब खान, दिनेश यादव तथा रवि नेताम उपस्थित थे।

नवागांव में माता रानी के 108 स्वरूप के हो रहे दर्शन

- लंबी गुफा में सजा मां का दरबार, ताड़कासुर की झांकी और 12 ज्योतिर्लिंग बना आकर्षण का केंद्र

हरिभूमि न्यूज ⏭अंवरी

ग्राम नवागांव (थूहा) में क्वांर नवरात्रि पर श्रद्धालुओं को माता रानी के 108 स्वरूप के भव्य दर्शन हो रहे हैं। इसके लिए नया बाजार चौक में विशाल पंडाल का निर्माण किया गया है। एक लंबी गुफानुमा संरचना तैयार की गई है। इसी गुफा के भीतर माता रानी के 108 स्वरूपों को अलग-अलग रूपों में सजाया गया है। श्रद्धालु गुफा के अंदर प्रवेश कर एक-एक कर मां के विभिन्न स्वरूपों के दर्शन कर रहे हैं।



इस बार धार्मिक एवं पौराणिक प्रसंगों पर आधारित विभिन्न झांकियां भी सजाई गई हैं। इनमें ताड़कासुर की झांकी, मां काली के विकराल स्वरूप तथा भगवान शिव के विराट रूप को विशेष रूप से प्रदर्शित किया किया गया है। इसके अलावा पंडाल में 12 ज्योतिर्लिंगों की आकर्षक झांकी भी तैयार की गई है। श्रद्धालुओं को एक ही स्थान पर भगवान शिव के 12 ज्योतिर्लिंगों के दर्शन का अवसर मिल रहा है।

माता की सेवा में राजकुमार साहू, गोपी यादव, जीतेश साहू, तोरण साहू, प्रीतम साहू, उमेन्द्र साहू, नारायण साहू, दशरथ साहू, जितेंद्र साहू, ऋषभ साहू, महेन्द्र साहू समेत ग्रामवासी जुटे हुए हैं।

आज पैरी के लहर जगराता परिवार दूधवारा की प्रस्तुति

18 अक्टूबर को पैरी के लहर जगराता परिवार दुधवारा का कार्यक्रम आयोजित किया गया है। समिति के सदस्यों ने बताया कि नवरात्रि पर्व को लेकर ग्रामीणों में खासा उत्साह है। माता रानी के 108 स्वरूप, मां काली की भव्य झांकी, भगवान शिव का विराट रूप और 12 ज्योतिर्लिंग आकर्षण का केंद्र है।

दशहरे के बाद शहर के 40 वार्डों में शुरू होंगे 8.15 करोड़ के 160 विकास कार्य



- सड़क-नाली निर्माण को मिलेगी गति, लोक निर्माण विभाग अध्यक्ष ने जताई प्रतिबद्धता

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

शहर के 40 वार्डों में बुनियादी सुविधाओं के विस्तार के लिए 15वें वित्त आयोग के तहत 8 करोड़ 15 लाख रुपये की लागत से 160 विकास कार्य कराए जाएंगे। दशहरे के बाद इन कार्यों का भूमिपूजन शुरू करने की तैयारी है। इनमें प्रमुख रूप से आरसीसी नाली और सीसी रोड निर्माण शामिल हैं।

नगर निगम के लोक निर्माण विभाग अध्यक्ष विजय मोटवानी की सक्रियता से इन कार्यों को गति मिलने की उम्मीद है। उन्होंने वार्ड पार्षदों की अनुशंसा और सहमति के आधार पर विकास कार्यों को स्वीकृति दिलाने के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव और महापौर रामू रोहरा से लगातार पत्राचार किया था।स्वीकृति मिलने पर श्री मोटवानी ने मुख्यमंत्री, मंत्री और महापौर के प्रति आभार जताया। उन्होंने कहा कि शहर के सभी 40 वार्डों में सड़क, नाली और अन्य बुनियादी सुविधाओं का विकास प्राथमिकता है। विकास कार्यों को आगे बढ़ाने में किसी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा। उन्होंने जनभावनाओं के अनुरूप कार्यों को पूरा कराने की प्रतिबद्धता जताई।



नवरात्रि शक्ति की आराधना, आस्था का पर्व



धमतरी। शारदीय नवरात्र पर्व पर ग्राम बोड़रा (स) में अटल चौक के समीप आयोजित देवी स्थापना एवं ज्योति प्रज्ज्वलन कार्यक्रम अंतर्गत श्रीमद् देवी भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष रंजना साहू ग्राम बोड़रा पहुंचीं और श्रीमद् देवी भागवत कथा में शामिल होकर कथा का श्रवण किया। उन्होंने मातारानी के दर्शन कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि, खुशहाली एवं जनकल्याण की कामना की। कथावाचक पं. चेतन दुलार महाराज हैं। इस अवसर पर श्रीमती रंजना ने कहा कि नवरात्रि का पर्व शक्ति की आराधना, भक्ति, आस्था और साधना का पावन अवसर है, मां दुर्गा की उपासना हमें सत्य, धर्म, साहस और सदाचार के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देती है।

निधन

डॉ. महेंद्र कश्यप



पुरी। ग्राम छाती निवासी डॉ. महेंद्र कश्यप का निधन 14 अक्टूबर बुधवार को हो गया। वे मृत्युंजय एवं घनश्याम के पिता थे। अंत्येष्टि कार्यक्रम उनके गृहग्राम के शांतिघाट में हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में परिवारजन, समाजजन एवं ग्रामीणजन उपस्थित थे।



प्रथम पृष्ठ का शेष

सनातन एकता के पांच संकल्पों के साथ निकली मां की चुनरी यात्रा

दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर से निकली यात्रा : सर्व हिन्दू समाज के अध्यक्ष महेश रोहरा और सचिव अशोक पवार के नेतृत्व में शाम 4 बजे पुराना बस स्टैंड स्थित दक्षिणमुखी श्री हनुमान मंदिर प्रांगण से मां की चुनरी यात्रा प्रारंभ हुई। यात्रा शास्त्री चौक, गोलबाजार, मठ मंदिर, सदर बाजार और गणेश चौक होते हुए नगर की आराध्य देवी मां विंध्यवासिनी मंदिर पहुंची। यहां विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर मां को चुनरी अर्पित की गई और यात्रा का समापन हुआ। यात्रा में धर्मप्रेमियों, समाज प्रमुखों, युवाओं, मातृशक्ति और बच्चों ने उत्साह से भाग लिया। विभिन्न समाजों के लोग पारंपरिक वेशभूषा में शामिल हुए।

पांच संकल्पों से सामाजिक समरसता का आह्वान : सर्व हिन्दू समाज के अध्यक्ष महेश रोहरा ने कहा कि सनातन संस्कृति हमारी धार्मिक पहचान के साथ परंपराओं, संस्कारों और सामाजिक एकता का आधार है। ऐसे आयोजन नई पीढ़ी को अपनी सांस्कृतिक विरासत से जोड़ने और समाज में आपसी सद्भाव मजबूत करने का अवसर देते हैं। उन्होंने नशामुक्ति अपनाने, प्रकृति का सम्मान करने, मां-बेटियों की गरिमा बनाए रखने, सामाजिक समरसता बढ़ाने और हिंदू समाज की अखंडता कायम रखने का आह्वान किया।

सर्व समाज की रही सहभागिता : यात्रा में सर्व समाज अध्यक्ष महेश रोहरा, अशोक पवार, विधायक ओंकार साहू, महापौर रामू रोहरा, पूर्व विधायक रंजना साहू, लेखराम साहू, डीपेंद्र साहू, चेतन हिंदूजा, विशेषर पटेल, दिलीप पटेल, दीपक लखोटिया, वरुण कांत, विजय गोलछा, विक्रांत शर्मा, आकाश गोलछा, पवन गजपाल, अमर पिंजानी, श्याम अग्रवाल, डॉ. प्रभात गुप्ता, डॉ. रोशन उपाध्याय, डॉ. हीरा महावर, दीपक जैन, जगजीवन सिंह, हरमिंदर सिंग, नंदू जसवानी, दिलीप सोनी, अमित अग्रवाल, रमेश लहरे, सुबोध राठी, राजेश शर्मा, यशवंत साहू, लक्ष्मण पहलवान, संतोष सोनकर, नर्मदा जगबेहड़ा, राजेंद्र माहेश्वरी, परमेश्वर फ़ुटान, फिरोज हिरवानी, दयाराम अग्रवाल, मोहन अग्रवाल, चंदू जसवानी, भरत देवांगन, सुनील निषाद, कपिल देशलहरे, चंद्र सिन्हा, धनसिंह सेन, रामेश्वर यादव और किशोर जायसवाल सहित सर्व समाज के सदस्य शामिल हुए।



खबर संक्षेप



निहाल ने दूसरी बार गोल्ड पर किया कब्जा

धमतरी। निहाल सिन्हा ने राज्यस्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता में ताइक्वांडो में गोल्ड मेडल लेकर धमतरी का नाम रोशन किया है। राज्यस्तरीय में यह लगातार दूसरा अवसर है, जब उसे गोल्ड मेडल मिला है। अब वह रांची में राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में भागीदारी करेगा। सोरिद निवासी पुरूषोत्तम सिन्हा के पुत्र निहाल सिन्हा (दद्दू) पिछले कई साल से ताइक्वांडो में प्रैक्टिस कर रहा है। वह सर्वोदय स्कूल का छात्र है। रायपुर में 15-18 अक्टूबर तक राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता आयोजित है। इस प्रतियोगिता में ताइक्वांडो में निहाल ने बेहतर प्रदर्शन करते हुए गोल्ड मेडल पर कब्जा किया। गुरुवार को गोल्ड मेडल देकर रायपुर में उसे सम्मानित किया गया। वह पिछले साल की राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल ला चुका है और जम्मू कश्मीर आयोजित राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भागीदारी कर चुका है।

जालमपुर की बालवीर दुर्गा उत्सव समिति की अनूठी पहल

धमतरी में अनोखा शक्तिपीठ पंडाल जहां एक ही जगह श्रीलंका से पाकिस्तान तक की देवियों के दर्शन



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

नवरात्र पर्व पर शहर के जालमपुर स्थित बालवीर दुर्गा उत्सव समिति का अनोखा शक्तिपीठ पंडाल श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। यहां एक ही स्थान पर श्रीलंका, नेपाल, बांग्लादेश, तिब्बत, पाकिस्तान और भारत के विभिन्न क्षेत्रों में स्थित सात शक्तिपीठों की झांकियों के दर्शन हो रहे हैं। इस पंडाल को देखने के लिए शहर सहित आसपास के क्षेत्रों से भी श्रद्धालु पहुंच रहे हैं।

पंडाल को गुफानुमा स्वरूप दिया गया है। प्रवेश द्वार के आसपास माता सती की कथा और शक्तिपीठों से जुड़ी धार्मिक मान्यताओं को दर्शाते पोस्टर लगाए गए हैं। भीतर अलग-अलग शक्तिपीठों की आकर्षक झांकियां बनाई गई हैं। प्रत्येक झांकी के ऊपर लगाए गए बैनर में शक्तिपीठ का नाम, स्थान और धार्मिक महत्व बताया गया है। यहां श्रीलंका की मां शंकरी देवी, नेपाल की मां गुह्येश्वरी, बांग्लादेश की मां जेसोरेश्वरी, तिब्बत की मां मानसा, पाकिस्तान की मां हिंगलाज देवी, तेलंगाना की मां जोगुलम्बा सहित अन्य शक्तिस्थलों से जुड़ी झांकियां श्रद्धालुओं को आकर्षित कर रही हैं।

ब्रह्मांड की थीम पर सजी मां जगदम्बा की प्रतिमा

पंडाल के अंतिम हिस्से में ब्रह्मांड की थीम पर आकर्षक सजावट की गई है। यहां कमल पुष्प पर विराजित मां दुर्गा की भव्य प्रतिमा विशेष आकर्षण बनी हुई है। कलात्मक सजावट और रोशनी के बीच मां का दिव्य स्वरूप श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर रहा है। श्रद्धालुओं का कहना है कि अलग-अलग देशों में स्थित शक्तिपीठों के दर्शन के लिए यात्रा करनी पड़ती है, लेकिन इस पंडाल में एक ही स्थान पर विभिन्न देवियों की झांकियां देखने का अवसर मिल रहा है। इससे समय और धन की बचत के साथ धार्मिक स्थलों के महत्व को जानने का मौका भी मिल रहा है।

35 वर्षों से मां की आराधना कर रही समिति

बालवीर दुर्गा उत्सव समिति पिछले 35 वर्षों से नवरात्र में मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित कर रही है। समिति के सदस्यों के अनुसार, हर वर्ष कुछ नया करने का प्रयास किया जाता है। पिछले वर्ष छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों की आराध्य देवियों की झांकियां प्रस्तुत की गई थीं, जबकि इस बार सात शक्तिपीठों को एक साथ प्रदर्शित करने की परिकल्पना तैयार की गई। इसकी तैयारी में करीब एक वर्ष लगा।

भूत बंगला देखने उमड़ रही भीड़



- कैलाश पर्वत और शिवलिंग के दर्शन भी हो रहे, बच्चों को मोबाइल से दूर रखने की पहल

नवरात्र पर्व पर जालमपुर मिडिल स्कूल के पास नवदुर्गा उत्सव समिति द्वारा बनाया गया भूत बंगला लोगों के आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। इसे देखने अन्य जिलों से भी लोग पहुंच रहे हैं। कई घंटे इंतजार के बाद भी लोग झांकी देखे बिना नहीं लौट रहे हैं। भूत बंगले में प्रवेश से पहले सावधानी संबंधी पोस्टर लगाया गया है। अंदर भूतों के डरावने दृश्य, जंगलनुमा वातावरण, झूले पर झूलता भूत, श्मशान का दृश्य और कंकालों की सजावट लोगों को रोमांचित करती है। बीच रास्ते में अचानक भूत के सामने आने से दर्शक चौंक जाते हैं। अंत में भगवान शिव के विराजमान कैलाश पर्वत और शिवलिंग के दर्शन होते हैं। समिति सदस्य मनीष टंडन और अमर दास बंजारे ने बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य बच्चों को मोबाइल और सोशल मीडिया से दूर कर वास्तविक जीवन से जोड़ना है। झांकी के माध्यम से जीवन और मृत्यु से जुड़े प्रसंग भी दर्शाए गए हैं। दर्शकों ने भूत बंगले को डरावना होने के साथ खूबसूरत बताया और इसे देखने का अनुभव मनोरंजक व सकारात्मक बताया।

धार्मिक आयोजन समाज को संस्कारवान बनाने का सशक्त माध्यम : प्रीतेश



- बोड़रा डी में नवरात्रि पर्व पर पंडवानी का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

नवरात्रि पर बोड़रा डी में आयोजित पंडवानी कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा के प्रदेश सह कार्यालय मंत्री प्रीतेश गांधी शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजन समाज को संस्कारवान बनाने के साथ नई पीढ़ी को अपनी गौरवशाली परंपराओं से जोड़ने का सशक्त माध्यम हैं। ऐसे आयोजन से सनातन संस्कृति की जड़ें मजबूत होती हैं और समाज में प्रेम, सद्भाव, एकता तथा विश्व बंधुत्व की भावना का विस्तार होता है।

राजेंद्र शर्मा ने कहा कि भारतीय सनातन संस्कृति की वास्तविक पहचान आज भी ग्रामीण परिवेश में जीवित है। गांवों में आयोजित धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम में पारंपरिक वेशभूषा, लोककलाओं और सामाजिक रीति-रिवाजों की झलक देखने को मिलती है। इस अवसर पर उपसरपंच रामसिंह साहू, ग्राम विकास समिति के अध्यक्ष गोपीकृष्ण साहू, संतू सेन, भूषण साहू, मोतीलाल साहू, कुंजबिहारी साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन हिम्मतलाल साहू ने किया।

नवरात्रि की धूम : आराध्य गरबा में गूंजे महाकाल के जयकारे

- मेरे महाकाल सरकार और तकदीर मुझे ले चल महाकाल की बस्ती जैसे भक्ति गीतों पर झूमे गरबा प्रेमी

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

शारदीय नवरात्रि पर धमतरी में आयोजित आराध्य गरबा में महाकाल थीम पर भक्ति और उत्साह का अद्भुत संगम देखने को मिला। भगवान महाकाल को समर्पित इस विशेष संध्या में गरबा प्रेमी ब्लैक कलर के परिधानों में पहुंचे। काले रंग की थीम के बीच भगवान शिव की भक्ति और गरबा की उमंग ने पूरे परिसर को भक्तिमय बना दिया।



हर बेटी में मां दुर्गा का स्वरूप : पं. राजेश शर्मा

आराध्य गरबा के आयोजक पंडित राजेश शर्मा ने कहा कि जब वे अपनी बेटियों, बहनों और माताओं को मां दुर्गा की आराधना गरबा करते हुए देखते हैं, तो उनके मन में एक अलग ही आनंद और आत्मिक प्रसन्नता का अनुभव होता है। यह मेरे लिए केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि मां के चरणों में और आए सभी परिवारों के लिए मेरी श्रद्धा और समर्पण का भाव है।



महाकाल थीम की शाम में भक्ति संगीत ने विशेष आकर्षण पैदा किया। मेरे महाकाल सरकार और तकदीर मुझे ले चल महाकाल की बस्ती जैसे भक्ति गीतों पर गरबा प्रेमी जमकर झूमे। शिवभक्ति से ओतप्रोत गीतों ने वातावरण में आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार किया। गरबा की लय और भक्ति संगीत के संगम ने इस शाम को यादगार बना दिया।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरुष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - ल्यूकोरिया, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

चर्म रोग एवं एलर्जी
क्लीनिक
स्थायी इलाज
विशेषताएं- पुराना दाद एवं खुजली, बेमची, मुहांसे (पिंपल्स) सफेद दाग, एलर्जी वाली खुजली

डॉ. राकेश साहू होम्योपैथिक विशेषज्ञ
सुबह 10 से 3 एवं शाम 5 से 8 बजे तक (मंगलवार बंद)
पता : हनुमान मंदिर के पास सिहावा चौक, धमतरी
मो. 86027-50020

।। जय माता दी ।।

क्वांर नवरात्र
महाअष्टमी, हवनपूजन एवं
विराट भंडारा
जीवराखन मरई
अध्यक्ष - आदिशक्ति मां अंगारमोती ट्रस्ट
गंगरेल, धमतरी
माधव सिंह ठाकुर
उपाध्यक्ष - आदिशक्ति मां अंगारमोती ट्रस्ट
गंगरेल, धमतरी
दिनांक - 18 अक्टूबर 2026, रविवार, समय - संध्या 04 बजे से
स्थान - आदिशक्ति मां अंगारमोती प्रांगण गंगरेल, धमतरी
सभी श्रद्धालुगणों का हार्दिक स्वागत - वंदन - अभिनंदन

संरक्षक डॉ. ए. आर. ठाकुर | संरक्षक शिवचरण नेताम | सचिव ढालूराम ध्रुव | सह सचिव देवानंद नेताम | कोषाध्यक्ष ओंकार नेताम | सदस्य हेमलाल ठाकुर | सदस्य कोमल सिंह ठाकुर | सदस्य नरोत्तम सिंह ठाकुर | सदस्य ईश्वर नेताम (पुजारी) | सदस्य मनराखन ठाकुर | सदस्य उदय नेताम | सदस्य गणेश्वर ध्रुव | सदस्य जयपाल सिंह ठाकुर | सदस्य ललित ठाकुर | सदस्य छेदप्रसाद कौशिल | सदस्य नारायण सिंह ध्रुव | सदस्य ठाकुर राम नेताम | सदस्य नंदा ध्रुव | सदस्य शशि ध्रुव | सदस्य भगत राम उईके
सदस्य रामजी ध्रुव | सदस्य शत्रुहन नेताम | सदस्य बलिराम ध्रुव | सदस्य राधेश्याम नेताम | सदस्य गीता नेताम | कार्यकर्ता बुधन्तिन नेताम | कार्यकर्ता अनिता नेताम | कार्यकर्ता मानसिंग मरकाम | कार्यकर्ता अर्जुन सिंह कोर्राम | कार्यकर्ता तुकाराम मरकाम | कार्यकर्ता शिवकुमार मरकाम | कार्यकर्ता बसंतराम नेताम | कार्यकर्ता राजेन्द्र पडोटी | कार्यकर्ता शिव कुमार कुंजाम | मिडिया प्रभारी रामेश्वर मरकाम | कर्मचारी नरेन्द्र नेताम | कर्मचारी हरिराम नेताम | कर्मचारी रोशन लाल मरकाम | कर्मचारी देवेन्द्र नागवंशी | कर्मचारी सोहन कुंजाम
CG Flex Point 9131312248, 9691636000
विनीत - आदिशक्ति माँ अंगारमोती ट्रस्ट - गंगरेल, जिला - धमतरी (छ.ग.)

लाल की ललकार
हर किसान का भरोसा
लाल की ललकार
धरती से निकले
उपहार
ऑफर अंतिम 4 दिन
mahindra TRACTORS
TOUGH HARDUM
ट्रैक्टर ही नहीं, भरोसा भी
Mahindra YUVO TECH+ 575DI
Mahindra YUVO TECH+ 585DI
Mahindra NOVO 605DI-PS
बड़ा पिछला टायर-16.9×28
* कीमत व शर्तें लागू, नोट- आरटीओ और बीमा अतिरिक्त है।
लोन प्रोसेसिंग फीस अलग से देय होगा। यह ऑफर एक्सचेंज पर मान्य नहीं है।

-: आवश्यकता है :-

- धमतरी -

सेल्स मैनेजर - 2 पद	मैकेनिक - 5 पद
सेल्समेन - 10 पद	हार्वेस्टर मैकेनिक- 2 पद

- भरखारा -

सेल्स मैनेजर - 1 पद	मैकेनिक - 2 पद
सेल्समेन - 4 पद	हार्वेस्टर मैकेनिक - 1 पद

रिज्युम/बायोडाटा वाट्सएप करें - 8290934603 साक्षात्कार के लिए संपर्क करें - 9893145916, 9907938368
साक्षात्कार के लिए अपना बायोडाटा लेकर दिनाँक 18 अक्टूबर से 24 अक्टूबर तक सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक नीचे दिए पते पर पहुचे.

मेला... मेला...
सेकण्ड हैण्ड ट्रेक्टर मेला
ट्रेक्टर मालिक बनने का सुनहरा अवसर
मूल्य 1 लाख से शुरू
विभिन्न कंपनियों के 2000 से 2025 तक के मॉडल लोन सुविधा के साथ
सभी कंपनियों के ट्रेक्टर अच्छी कंडीशन में उपलब्ध
* नियम एवं शर्तें लागू.

अधिकृत विक्रेता -
बरडिया एग्रो
रिलायंस पेट्रोल पंप के पास अर्जुनी, धमतरी
संपर्क करें : 8290934603, 9754731999, 9893145916